epaper
हिन्दुस्तान

# लाइटहाउस पॉलीटेक्निक और आईटीआई योजना होगी शुरू

09/05/2022

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** व्यावसायिक और प्राविधिक शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वाकांक्षी पहल करते हुए प्रदेश सरकार विशिष्ट विशेषताओं वाले लाइटहाउस पॉलीटेक्निक और आईटीआई स्थापित करने जा रही है। शिक्षा क्षेत्र के सभी विभागों द्वारा दी गई कार्य योजना के अनुसार आगामी 100 दिनों में आधुनिक प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम का संचालन शुरू हो जाएगा।

इन विषयों में सम्मिलित ड्रोन टेक्नॉलजी, साइबर सिक्युरिटी, डाटा साइंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, सौर ऊर्जा आदि से संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ किया जाएगा। आगामी 6 माह में 5 लाइटहाउस आईटीआई स्थापित होंगे, जिनमें कई विशेषताएं होंगी। प्रदेश में संचालित 15 से 20 सरकारी आईटीआई को भी लाइटहाउस आईटीआई के रूप में विकसित किया जाएगा जो संबंधित ट्रेड के लिए अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणास्त्रत्तेत बेंचमार्क होंगे।

इनमें विशिष्ट कौशल या मांग के अनुरूप, किन्ही भी एक या दो ट्रेड का उच्चीकरण किया जाएगा।